बी.ए III year

February 2016

22 WK 09 (053-313) ◆ Monday

# भाषा और बोली

भाषा किसे कहते है? बोली किसे कहते है?
भाषा और बोली में क्या अन्तर है?

उ. भाषा के द्वारा हम अपने विचारों को अभिव्यक्ति करते है।
भाषा एक ऐसा साधन है। जिसके द्वारा मनुष्य एक दूसरे से विचार विनिमय करता हैं।

बोली → बोली सीमित क्षेत्र में बोली जाती हैं। सीमित क्षेत्र में बोली जाने के कारण ये भाषा का छोटा रूप है।

## भाषा और बोली में अन्तर

(1) बोली सीमित क्षेत्र में बोली जाती हैं। वही भाषा व्यापक एवं विस्तृत क्षेत्र में बोली जाती हैं।

(2) बोली आगे चलकर भाषा बन सकती हैं, लेकिन भाषा के साथ ऐसा नहीं है।

FEBRUARY 2016

| WK | M | T | W | T | F | S | S |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 07 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 08 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 09 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 10 | 29 | | | | | | |

(3) भाषा और बोली में माँ बेटी के सम्बन्ध की तरह है। बोली आगे चलकर भाषा बन जाती है। जैसे - बेटी आगे चलकर माँ बन सकती है।

(4) बोली का क्षेत्र सीमित होता है भाषा का क्षेत्र विस्तृत होता है। हर बीस कोस पर बोली बदल सकती है लेकिन भाषा के साथ ऐसा नहीं है।

(5) भाषा में साहित्य की रचना होती है लेकिन बोली में न के बराबर साहित्य रचना होती है।

(6) भाषा शुद्ध परिष्कृत एवं परिमार्जित मानी जाती है। अधिकतर भाषा व्याकरण सम्मत होती है। लेकिन बोली व्याकरण सम्मत नहीं होती

(7) जब बोली किन्हीं कारणों से प्रमुखता प्राप्त कर लेती है तो वो ही भाषा का रूप धारण कर लेती है।

(8) एक भाषा क्षेत्र के अन्दर अनेक बोलियाँ हो सकती हैं, मगर किसी बोली के क्षेत्र में एक या अनेक भाषाऐं नहीं हो सकती।

(9) भाषा की प्रकृति केन्द्रोमुखी होती है। किन्तु बोली बहिर्मुखी होती है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि भाषा में एकीकरण एवं नियन्त्रण का भाव रहता है। जबकि बोली में पृथकता या विलगाव की भावना रहती है।

(10) भाषा का मानक रूप रहता है, किन्तु बोली का नहीं।

(11) भाषा के विघटन से बोलियों का जन्म होता है और बोलियों के संगठन से भाषा बनती है।

(12) भाषा बोली की अपेक्षा अधिक प्रतिष्ठित होती है। औपचारिक परिस्थितियों में प्रायः भाषा का ही प्रयोग होता है। न कि बोली का।

| FEBRUARY | | | | | | | 2016 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| WK | M | T | W | T | F | S | S |
| 06 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 07 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 08 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 09 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 10 | 29 | | | | | | |